प्रोत्साहन हिमाचल के पोंग डैम में चल रहे वाटर स्पोर्ट्स के 40 विद्यार्थियों का दल रवाना

साहस बढ़ाता है मनोबल : प्रो. कुहाड़

भास्कर न्यूज | नारनौल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ता है। इसी आत्मविश्वास एवं मनोबल से छात्र-छात्राएं उन्नति के पथ पर अग्रसर होकर कामयाबी के शिखर को छू सकते हैं। कुलपति गुरुवार को विश्वविद्यालय के दल को वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए रवाना करते हुए यह बात कही।

उन्होंने बताया कि विवि में अध्ययनरत साक्षी, शशिबाला, बरखा व निखिल का दल 10 से 19 सितंबर तक हिमाचल प्रदेश के पोंग डैम में चल रहे वाटर स्पोर्ट्स गतिविधि कैंप में हिस्सा लेगा। इस शिविर में प्रदेश भर के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के 40 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसका आयोजन युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को साहसी बनाने के लिए कर रहा है।

नारनौल. वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए टीम को रवाना करते प्रो.आरसी कुहाड़।

इस अवसर पर छात्र कल्याण के संकाय अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि उन्हें इस तरह के शिविर का हिस्सा बनके अपने व्यक्तित्व का विकास करने का मौका मिला है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता रहेगा।